हर घर जल
जल जीवन मिशन

# कार्यालय अपर जिलाधिकारी

शासन की शीर्ष प्राथमिकता

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
Email-admngsonbhadra@gmail.com

पत्रांक– 08 /अ0जि0–नमामि गंगे/2025–26 दिनांक– // .04.2025

**ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल योजनाओं के श्रोत (नदी/बांध) में जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक– 07.04.2025 को आयोजित बैठक की कार्यवृत्ति–**

जनपदवासियों को समूचित मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत जनपद सोनभद्र में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा संचालित भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार की शीर्ष प्राथमिकता की योजना जल जीवन मिशन "हर घर जल" के अन्तर्गत जनपद सोनभद्र में 12 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं। ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल योजनाओं के श्रोत (नदी/बांध) में जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगतदिनांक–07.04.2025 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिओं द्वारा प्रतिभाग किया गया–

1. श्री अरूण सिंह, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र।
2. श्री प्रमोद कुमार, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र।
3. श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता,मीरजापुर नेहर प्रखण्ड, मीरजापुर।
4. श्री रवि कुमार श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता,कनहर बांध खण्ड–3, सोनभद्र।
5. श्री जे0एस0 प्रसाद, सहायक अभियन्ता, ओबरा बांध खण्ड, ओबरा।
6. श्री संजीव कुमार यादव, सहायक अभियन्ता, बंधी प्रखण्ड–2, राबर्ट्सगंज,सोनभद्र।
7. श्री सुजीत गोंड, सहायक अभियन्ता (वि0/यॉ0),उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र।
8. श्री हिमान्शु कुमार, डिस्ट्रिक हेड, पी0एम0सी0, सोनभद्र।
9. श्री अनुरूप श्रीवास्तव क्यू0ए0/क्यू0सी0 इंजीनियर, टी0पी0आई0, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में निर्माणाधीन 12 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के सतही श्रोत में ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत जल की पर्याप्त उपलब्धता आवश्यक है, जिससे ग्रामीण जनमानस को नियमित पेयजल आपूर्ति हो सकें। योजना के संचालन हेतु सतही श्रोत में आवश्यक जल की मात्रा का विवरण निम्नानुसार है–

| S.No. | Name of Water Supply Scheme (GOVPWSS) | Source Name | Present Water Demand (Daily) MLD | Allocation Of water By Irrigation department (Daily) MLD | Water Demand for upcoming (03 months) (Million litre) | Allocation of water by Irrigation Department for upcoming (03 months) (Million litre) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Belahi Gov.Wss. | Dhandhraul dam | 17.60 | 23.89 | 1601.60 | 2150.14 |
| 2 | Nagawa Gov.Wss. | Nagawa Dam | 4.40 | 5.01 | 400.40 | 522.74 |
| 3 | Tenduwahi Gov.Wss. | Nagawa dam | 8.80 | 10.85 | 800.80 | 976.44 |
| 4 | Harra Gov.Wss. | Sone River | 9.23 | 18.32 | 839.93 | 1648.85 |
| 5 | Kadara Gov.Wss. | Sone River | 0.97 | 1.69 | 88.45 | 151.90 |
| 6 | Gurmura Gov.Wss. | Obara Dam | 4.56 | 7.64 | 414.96 | 687.95 |
| 7 | Panari Gov.Wss. | Obara Dam | 3.00 | 8.60 | 273.00 | 774.25 |
| 8 | Amawar Gov.Wss. | Kanhar Dam | 9.71 | 17.81 | 883.61 | 1602.74 |
| 9 | Parasi-Belwadah Gov.Wss. | Rihand Dam | 16.55 | 19.56 | 1506.05 | 1760.55 |
| 10 | Jhilo-Bijpur Gov.Wss. | Rihand Dam | 41.00 | 56.19 | 3731.00 | 5057.26 |
| 11 | Patawadh Gov.Wss. | Sone river | 76.40 | 94.76 | 6952.40 | 8528.22 |
| 12 | Kewatha Gov.Wss. | Renu river/Obra Dam | 3.85 | 7.63 | 350.35 | 686.84 |
| Total | | | 196.07 | 272.75 | 17842.55 | 24547.86 |



Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त के दृष्टिगत सिंचाई विभाग द्वारा पेयजल योजनाओं पर जल की उपलब्धता के सम्बन्ध में की गयी समीक्षा का विवरण निम्नवत् है–

- बेलाही ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत धंधरौल बांध में निर्मित फ्लोटिंग इंटेकवेल का निर्माण कार्य कराया गया है। आगामी 03 माह में पेयजल आपूर्ति हेतु आवश्यक 1601.60(Million litre) जल के सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में बांध में पर्याप्त जल उपलब्ध है। तत्क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी 03 माह में प्राथमिकता के आधार पर पेयजल योजना हेतु जल की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

  (कार्यवाही– अधि0 अभि0, मीर0 नहर प्रखण्ड/अधि0 अभि0 उ0प्र0 जल निगम (ग्रा0) )

- नगवां–तेन्दुआही ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत नगवां बांध में निर्मित परम्परागत/फ्लोटिंग इंटेकवेल का निर्माण कार्य कराया गया है। आगामी 03 माह में आवश्यक 1201.20(Million litre) जल के सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड, रावर्ट्सगंज द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में बांध में पेयजल हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध है। उक्त के क्रम में निर्देशित किया गया कि आगामी 03 माह में पेयजल योजना हेतु जल की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाये।

  (कार्यवाही– अधि0 अभि0, सिं0 नि0 खण्ड, रावर्ट्सगंज/अधि0 अभि0 जल निगम (ग्रामीण) )

- हर्रा–कदरा एवं पटवध ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत सोन नदी में निर्मित इंटेकवेल पर आगामी 03 माह में आवश्यक 7880.78(Million litre) जल के सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता ओबरा बांध खण्ड द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में बांध में पेयजल हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध है। उक्त के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि आगामी 03 माह में प्राथमिकता के आधार पर पेयजल योजना हेतु जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

  (कार्यवाही– अधि0 अभि0, ओबरा बांध खण्ड/अधि0 अभि0 उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) )

- गुरमुरा–पनारी ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत ओबरा बांध में इंटेकवेल का निर्माण कार्य कराया गया है। योजना से आगामी 03 माह में पेयजल आपूर्ति हेतु आवश्यक 687.96(Million litre) जल के सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता ओबरा बांध खण्ड द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में बांध में पर्याप्त जल की उपलब्धता है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी 03 माह में प्राथमिकता के आधार पर बांध में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करें, जिससे पेयजल योजना हेतु आवश्यक मात्रा में जल उपलब्ध हो सके।

  (कार्यवाही– अधि0 अभि0, ओबरा बांध खण्ड/अधि0अभि0 उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) )

- केवथा ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत इंटेकवेल का निर्माण कार्य रेणु नदी पर कराया गया है। योजना से आगामी 03 माह में पेयजल आपूर्ति हेतु आवश्यक 350.35(Million litre) जल के सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता ओबरा बांध खण्ड द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में नदी में पर्याप्त जल उपलब्ध है।

  तत्क्रम में अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि आगामी 03 माह में प्राथमिकता के आधार पर पेयजल योजना हेतु नदी में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करें, जिससे योजना से ग्रीष्म ऋतु में निर्बाध जलापूर्ति हो सके।

  (कार्यवाही– अधि0 अभि0, ओबरा बांध खण्ड/अधि0अभि0 उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) )

- परासी–बेलवादह एवं झीलो–बीजपुर ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत रिहन्द बांध में निर्मित इंटेकवेल पर आगामी 03 माह में आवश्यक 5237.05 (Million litre) जल के सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता रिहंद बांध सिविल खण्ड पिपरी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में बांध में पर्याप्त जल उपलब्ध है। निर्देशित किया गया कि आगामी 03 माह में प्राथमिकता के आधार पर पेयजल योजना हेतु जल की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

  (कार्यवाही–अधि0 अभि0, रिहंद बांध सिविल खण्ड पिपरी/अधि0 अभि0 जल निगम (ग्रामीण) )

- अमवार ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत नव निर्मित कनहर बांध में निर्मित इंटेकवेल पर आवश्यक लेवल तक जल भराव न होने के कारण योजना से जलापूर्ति नही होने के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता कनहर निर्माण खण्ड–3, सोनभद्र द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल योजना के संचालन हेतु कनहर बांध में आगामी मानसून, 2025 में आवश्यक लेवल तक जल उपलब्ध करा दिया जाएगा।

  (कार्यवाही–अधि0 अभि0, कनहर निर्माण खण्ड–3/अधि0 अभि0 उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) )



Scanned with OKEN Scanner

अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु–

- पटवध ग्राम समूह पेजल योजना अन्तर्गत ग्राम–परसौना खुर्द परगना–बढ़हर तहसील–घोरावल में पाइप लाइन बिछान हेतु माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में लंबित वाद के शीघ्र निस्तारण तथा **योजना अन्तर्गत आच्छादित कुल 643 ग्रामों के सापेक्ष 500 ग्रामों को जून, 2025 तक** प्राथमिकता के आधार पर जलापूर्ति कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र को निर्देशित किया गया।
- **झीलो–बीजपुर ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत विद्युत आपूर्तिके दृष्टिगत ग्राम– मनबसा** के पास विद्युत केबल क्रासिंग हेतु रेलवे, धनबाद डिवीजन से शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र को निर्देशित किया गया। तत्क्रम में अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि रेलवे के आनलाईन पोर्टल पर ड्राइंग अपलोड की जा चुकी है, शीघ्र ही अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हो जाएगी।
- **नदी/बांध पर निर्मित पेयजल योजनाओं के सुचारू संचालन हेतु सतही श्रोत से सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि श्रोत में उपलब्ध जल को पेयजल योजनाओं हेतु संरक्षित करने के उपरान्त ही अन्य कार्यो हेतु उपयोग करें।**
- जनपद के **फ्लोराईड प्रभावित ग्रामों में प्राथमिकता** के आधार पर जलापूर्ति कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र/जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र को निर्देशित किया गया।
- **जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं से आच्छादित ग्रामों में** ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत नियमित रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र को निर्देशित किया गया।
- **बलूई बंधी**–विकास खण्ड–रावर्ट्सगंज अन्तर्गत **ग्राम पंचायत– बघुआरी के टोला गड़ौरा को बलूई बंधी** के माध्यम से जलापूर्ति की व्यवस्था किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, बन्धी प्रखण्ड–2, रावर्ट्सगंज, सोनभद्र को निर्देशित किया गया।
- पेयजल योजनाओं के जल का दुरूपयोग रोकने के दृष्टिगत **बृहद स्तर पर जन जागरूकता कार्यक्रम** किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र को निर्देशित किया गया।
- सिंचाई विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि भविष्य में धंधरौल बांध से हो रहे सीपेज को बन्द कर दिया जाएगा। तत्क्रम में **नगर पालिका परिषद रावर्ट्सगंज में पेयजल आपूर्ति हेतु धंधरौल बांध** के पास **निर्मित इंटेकवेल को बांध के अन्दर शिफ्ट करने हेतुउ0प्र0 जल निगम (नगरीय), मीरजापुर** को निर्देशित किया गया।
- जनपद में **ग्राम पंचायतो के अन्तर्गत नहर/कैनाल से जुड़े हुए तालाब** में जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सम्बन्धित सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया।
- **पूर्व में निर्मित पेयजल योजनाए–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र द्वारा अवगत कराया गया कि जल निगम द्वारा पूर्व में निर्मित पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु अनुबन्धित फर्म के माध्यम से योजनाओं को संचालित कर नियमित जलापूर्ति की जाएगी। **पड़रछ ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत** अवशेष कार्यो के सम्बन्ध में 01 माह के भीतर डी0पी0आर0 तैयार कर समस्त कार्य 05 माह के भीतर पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।**

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
सोनभद्र।
11.04.25

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. आयुक्त महोदय, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।



Scanned with OKEN Scanner

4. जिलाधिकारी महोदय, सोनभद्र।
5. अधिशासी अभियन्ता, समस्त खण्ड सिंचाई विभाग, सोनभद्र को अनुपालनार्थ।
6. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र।
7. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र।
8. डिस्ट्रिक्ट हेड पी0एम0सी0 सोनभद्र।
9. डी0पी0एम0– टी0पी0आई0ए0, सोनभद्र।
10. समस्त कान्टैक्टर फर्म जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
सोनभद्र।
11.04.25



Scanned with OKEN Scanner